# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

**Employees Provident Fund Organisation**

**(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)**

(MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA)

सत्यमेव जयते

मुख्य कार्यालय/**Head Office**

प्लेट ए, ग्राउंडफ्लोर, ब्लॉक-II, ईस्ट किदवई नगर,नई दिल्ली-110023

Plate A, Ground Floor, Block II, East Kidwai Nagar, New Delhi-110023

Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in


फ़ाइल संख्या मा.सं.प्र.-X/7(2)2020/कनि.अ.अ./डीआर/467 दिनांक: 07-07-2025

सेवा में,

सुश्री ओमनी,
73, गली नंबर 4, ब्लॉक सी
दयालपुर, नई दिल्ली - 110094

विषय: क.भ.नि.सं. में कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद से उम्मीदवारी रद्द करने के संबंध में।

महोदया,

आपको सूचित किया जाता है कि संघ लोक सेवा आयोग ने अपने पत्र क्रमांक F.1/85(14)/2023-R.IV/SPC-I दिनांक 26.09.2024 के माध्यम से क.भ.नि.सं. में आपको कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद के लिए अनुशंसित किया था। इस अनुशंसा के आधार पर, आपके दस्तावेजों का सत्यापन क्षे.का. दिल्ली (पूर्व) द्वारा पूरा किया गया और आपको क्षे.का. कन्नूर में तैनात किया गया था। लेकिन आप क्षे.का. कन्नूर में कार्यभार ग्रहण करने में विफल रहे और कार्यभार ग्रहण करने के लिए समय विस्तार की मांग की, जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदान कर दिया गया। इस बीच, आपके अनुरोध पर आपको तैनाती के लिए आं.का. ठाणे पुनः आवंटित किया गया। आं.का. ठाणे द्वारा आपसे कार्यभार ग्रहण करने के लिए नियमित रूप से संपर्क किया गया लेकिन आप ऐसा करने में विफल रहे। आपको अपने आवंटित कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के लिए कई अवसर दिए गए। प्रधान कार्यालय के ईमेल दिनांक 03.06.2025 के द्वारा, आपको आं.का. ठाणे में कार्यभार ग्रहण करने का अंतिम अवसर दिया गया लेकिन फिर भी आपने कार्यभार ग्रहण नहीं किया।

उपरोक्त के मद्देनजर, सक्षम प्राधिकारी द्वारा क.भ.नि.सं. में कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद के लिए आपकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है। इस संबंध में आगे कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**[सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी]**

**भवदीय**

परमपाल

**पीपीएस मैंगी,**
**क्षे.भ.नि.आयुक्त-I (भर्ती)**

जानकारी के लिए प्रतिलिपि:

1) श्री एन.के. स्वामी, उप सचिव (एसपीसी-II), सं.लो.से.आ, धौलपुर भवन, नई दिल्ली- (110069)
2) अपर कें.भ.नि.आयुक्त, ठाणे